# करणीसिंह स्टेडियम में किया स्वाधीनता दिवस समारोह में परेड़ का पूर्वाभ्यास

**बीकानेर,** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का पूर्वाभ्यास मंगलवार को डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली।

मार्च पास्ट में प्लाटून ने कदम से कदम मिलाकर एकता और अनुशासन का संदेश दिया। मार्च पास्ट में आरएसी की तीसरी व दसवीं बटालियन, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, राजस्थान अरबन होमगार्ड्स, एनसीसी की सात राज. बटालियन, महारानी सुदर्शना कन्या महाविद्यालय स्काउट, गाइड, हिन्दुस्तान स्काउट, राजस्थान स्टेट भारत स्काउट, बीबीएस तथा सोफिया स्कूल के कैडेट्स सहित कुल 14 टुकड़ियां शामिल हुई। परेड का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक आलोक सिंह ने किया। इस दौरान आरएसी तथा राजस्थान पुलिस के बैण्ड ने सुमधुर स्वर लहरियां बिखेरी।

घोष वादन में आदर्श विद्या मंदिर नोखा के 120 विद्यार्थियों, व्यायाम प्रदर्शन में बारह विद्यालयों के 450 विद्यार्थियों, योगा प्रदर्शन में आठ विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों, भारतीयम में दस विद्यालयों की 400 छात्राओं, सेवा आश्रम के 28 विशेष बच्चों की प्रस्तुति, सामूहिक गीत एवं नृत्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महर्षि दयानंद मार्ग की 173 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर



**बीकानेर के डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में स्वाधीनता दिवस समारोह में होने वाली परेड़ का एन.सी.सी. कैडेट्स ने पूर्वाभ्यास किया।**

(प्रशासन) डॉ दुलीचंद मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) उम्मेद सिंह रतनू, एसडीएम कविता गोदारा, नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारहठ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया।

**नई दिल्ली जायेंगे :** रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के पीएम श्री विद्यालयों के 100 बच्चों को उनके अभिभावकों व अध्यापकों के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह का साक्षी बनने के लिए बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया है।

शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार समारोह में भाग लेने के लिए राज्य से 6 विद्यार्थियों व 6 शिक्षकों के दल को मंगलवार को स्कूल शिक्षा के शासन सचिव कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने दल के प्रत्येक सदस्य को तिरंगा झण्डा प्रदान कर शिक्षा संकुल से रवाना किया। इस अवसर पर कुणाल तथा चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए दल के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दल के सदस्य भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति की यात्रा और इसके महत्व को अद्वितीय दृष्टिकोण से जान पायेंगे। इसमें विद्यार्थी न केवल भारत के इतिहास और विरासत के ज्ञान से समृद्ध होंगे बल्कि उनमें राष्ट्रीय पहचान और गौरव की भावना मजबूत होगी।

राज्य का दल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की सहायक निदेशक डॉ नीरू पोटलिया के नेतृत्व में 14 व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होगा। दल में पीएम श्री

- **कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली**
- **मार्च पास्ट में आरएसी की तीसरी व दसवीं बटालियन, एनसीसी की सात राज. बटालियन ने परेड़ में भाग लिया**

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड़, जवाजा, ब्यावर से छात्रा हर्षिता चौधरी एवं शिक्षिका सविता शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बल्दू, लाडनूं, डीडवाना-कुचामन से छात्र बजरंग लाल मेघवाल एवं शिक्षक अशोक कुमार पूनिया, पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर से छात्रा तनिषा मीना, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिजारा, खैरथल से छात्रा अनुप्रिया एवं शिक्षिका अंजू अरोड़ा, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, शेखसर बास खोडाला, लूणकरनसर, बीकानेर से छात्र महिपाल एवं शिक्षक गोविन्द गोस्वामी तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जुल्मी, खैराबाद, कोटा से छात्र विनय कुमार मकवाना एवं शिक्षक वेदप्रकाश बैरवा शामिल हैं।

## भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 2800 वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व जिनेश्वर युवक परिषद की ओर से आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरीश्वर के सानिध्य में ढढ्ढा चौक में 'आरस से पारस' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

क्ति उद्यम छेड़ा मुंबई की पार्टी ने दृश्य व श्रव्य के आधुनिक माध्यमों के साथ भक्ति गीतों व स्तुतियों के साथ भगवान पार्श्वनाथ के विभिन्न भवों का साक्षात मौजूद श्रावक-श्राविकाओं से करवाया। श्रावक-श्राविकाओं ने भी भजनों व स्तुतियों में स्वर मिलाकर तथा भगवान महावीर स्वामी व भगवान पार्श्वनाथ के साथ देव, गुरू व धर्म के जयकारे लगाकर वातावरण को पूर्ण भक्तिमय बनाएं रखा। कलाकारों ने भगवान पार्श्वनाथ के दस भवों में छह भवों (जन्मों) के परिदृश्य आधुनिक दृश्य संसाधनों के माध्यम से प्रस्तुत कर श्रावक-श्राविकाओं को करीब तीन घंटें तक बांधे रखा।

मुख्य कलाकार मुंबई के उद्यम छेड़ा जैन के साथ प्रदीप जोशी ने स्वरों का तथा इन कलाकारों के साथ विभिन्न साजों पर संगत बीकानेर के कमल भियानी व पार्टी ने संगत की। भगवान की स्तुति व भजनों के साथ अनेक श्रावकों ने नृत्य किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं विधि एवं कानून राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आचार्य व मुनि सम्यक रतन सागर सूरिश्वर सहित मुनियों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ के 2800 निर्वाण दिवस पर बीकानेर में उनके नाम से चौराहा विकसित किया जायेगा।

## सार-समाचार

### गरीब छात्रों को शिक्षण सामग्री बांटी



**रा. उ. प्रा. वि. नायक मौहल्ला, राजीव नगर में भामाशाहों ने गरीब छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित की।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय नायक मौहल्ला, राजीव नगर में भामाशाहों द्वारा कक्षा एक से चार तक के विद्यार्थियों हेतु स्लेट-बस्ता, पेन-पेंसिल, रबर एवं कॉपी आदि शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस विद्यालय में अधिकांश विद्यार्थी गरीब एवं मजदूर वर्ग के अध्ययनरत है जो कि पर्याप्त शिक्षण सामग्री खरीदने में असमर्थ है। इस शिक्षण सामग्री से उन बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिवशंकर गोदारा ने इन भामाशाहों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया। शिवशंकर गोदारा द्वारा पूर्व में भी भामाशाहों को प्रेरित कर इन्वर्टर, वाटर कूलर, कुर्सियां, एवं छात्रों के बैठने की दरी आदि विभिन्न आवश्यक सामग्री विद्यालय में दान करवाई जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक भागीरथ चौधरी एवं शिक्षिका नीना सैनी ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह में भामाशाहों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भामाशाहों द्वारा अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### तिरंगा रैली निकाली



**तिरंगा वाहन रैली में नशा मुक्त हनुमानगढ़ का संदेश दिया।**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में 'हर घर तिरंगा' अभियान में मंगलवार को जिला स्तर पर तिरंगा वाहन रैली निकली। जिला प्रशासन और भटनेर किंग्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रैली को विधायक गणेश राज बंसल, अमित चाचाण, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां और जिला कलेक्टर कानाराम ने कॉलेज ग्राउंड से फ्लैग ऑफ किया। तिरंगा वाहन रैली में हनुमानगढ़ विधायक बंसल ने ट्रैक्टर चलाकर अगुवाई की। हनुमानगढ़ के जंक्शन से टाउन तक रैली में 300 से अधिक वाहनों में जिलेवासी शामिल हुए। हर वाहन पर भारतीय तिरंगा लहराता नजर आया। हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए युवाओं का जोश व उमंग देखते ही बना। डीजे साउंड पर देशभक्ति गीतों से पूरा शहर राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हुआ। रैली से जिलेवासियों को हर घर तिरंगा फहराने एवं स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाने का आव्हान किया गया। यह रैली सिविल लाइंस, जिला कलेक्ट्रेट, अम्बेडकर सर्किल, भगत सिंह सर्किल, राजीव चौक, भारत माता चौक होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने तिरंगे पर पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया।

### बेस्ट सावन क्वीन कार्यक्रम 16 को



**विधायक सिद्धि कुमारी ने बेस्ट सावन क्वीन कार्यक्रम के फोल्डर का लोकार्पण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। यामिनी एण्ड कविता एंटरटेनमेंट कंपनी द्वारा बीकानेर की महिलाओं और युवतियों के उत्साहवर्धन के लिए बेस्ट सावन क्वीन - 2024 कार्यक्रम का आयोजन 16 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्थानीय-होटल राजमहल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक विवाहित/अविवाहित एवं ओल्ड इज गोल्ड बुजुर्ग महिलाएं भी अपने हुनर का प्रदर्शन डांस/सिंगिग/मॉडलिंग व अन्य किसी वर्ग में दिखा सकती है। कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम के फोल्डर का विमोचन विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, भाजपा युवा नेता श्याम मोदी, कार्यक्रम संचालिका यामिनी सोनी एवं कविता चायल ने किया।

### 15 अगस्त को सूखा दिवस घोषित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 को जिले में सूखा दिवस घोषित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी रीना ने बताया कि घोषित सूखा दिवस की पालनार्थ विभिन्न सात क्षेत्रों में पालना हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आवंटित क्षेत्र की समस्त आबकारी दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखवाने एवं दुकान खुली पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

# आबादी बस गई, अब हो रही सीमाज्ञान की तैयारी!

**बीकानेर,** (कासं)। जमीनों को लेकर विवाद थम नहीं रहे। इस बीच खसरा नं. 18 एवं 187/20 ग्राम नत्थूसर पटवार हल्का करमीसर क्षेत्र के सीमाज्ञान की तैयारी की जा रही है। इसके लिए तहसीलदार बीकानेर ने एक टीम का गठन किया है।

इस टीम में नायब तहसीलदार बीकानेर भवानी शंकर रैगर, भू निरीक्षक संजय कुमार गौड, पटवारी करमीसर संदीप कुमार पुरोहित, पटवारी बीकानेर दीपक बिहाणी के अलावा यूआईटी और भू प्रबंध अधिकारी के एक-एक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। टीम को 14 अगस्त को मौके का सीमाज्ञान करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त के निर्देश पर प्रशासन की ओर से सीमाज्ञान कराया जा रहा है।

इधर दूसरे पक्ष के लोगों ने भी लोकायुक्त और प्रशासन को पत्र

- **जिस क्षेत्र का सीमाज्ञान कराया जा रहा है वहां पर सघन आबादी बस चुकी है**
- **लोगों ने यूआईटी से पट्टे भी जारी करवा लिए हैं**

भेजकर सीमाज्ञान का विरोध किया है। पत्र में बताया गया है कि जिस क्षेत्र का सीमाज्ञान कराया जा रहा है वहां पर सघन आबादी बस चुकी है। लोगों ने यूआईटी से पट्टे भी जारी करवा लिए है। पत्र में बताया गया है कि हनुमानराम जाट ने कूटरचित दस्तावेजों से खसरा नं. 18 एंव 187/20 की सीमाज्ञान करवाने का आवेदन किया है। इस आवेदन पर 14/08/2024 को सीमाज्ञान की कार्यवाही से पहले हनुमानाराम के कागजात मंगवाकर दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए। पत्र में बताया गया है कि हनुमानराम व अन्य पर कूटरचित दस्तावेजों एवं धोखाधडी संबंधित 4 एफआईआर दर्ज है। वहीं खसरा नं. 18 एवं 187 / 20 ग्राम नत्थूसर पटवार हल्का करमीसर तहसील बीकानेर में पूरी तरह से लगभग 158 आवासीय मकाने बने हुए है। इसके अलावा खसरा नं. 18 तो नगर विकास न्यास के नाम से नामान्तरण भी है। फिर भी हनुमानाराम व अन्य भूमाफिया यहां विवाद उत्पन्न कर रहे हैं।

पत्र में यह भी बताया गया है कि सिविल न्यायालय प्रकरण संख्या 19/2022 दिनांक 05/02/2022 ने भी कूटरचित दस्तावेजों के कारण हनुमानाराम इत्यादि का सीमाज्ञान आवेदन निरस्त कर दिया था।

## तिरंगा के साथ सेल्फी अपलोड करेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी - कर्मचारी अपने घर तिरंगा लहरायेंगे। देश की शान तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड भी करेंगे।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस से एक दिवस पूर्व सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर घर तिरंगा शपथ भी दिलाई जायेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीकानेर जॉन के उपनिदेशक डॉक्टर राहुल हर्ष ने बताया कि संभाग के चारों जिलों में उक्त गतिविधि के लिए तैयारी की गई है। सभी पीएचसी, सीएचसी, यूपीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल पर ही नहीं बल्कि उप स्वास्थ्य केन्द्र पर भी यह गतिविधि आयोजित की जायेगी। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार प्रातः 10:30 पर बीकानेर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक साथ हर घर तिरंगा शपथ ली जायेगी।

# एक किलोमीटर लम्बे तिरंगे की यात्रा निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से एक किलोमीटर लम्बे तिरंगे की यात्रा निकाली गई।

भाजयुमो की शहर व देहात इकाई की ओर से निकाली गई तिरंगे की इस एक किलोमीटर लम्बी यात्रा के बीच 21 ठहराव के प्वाइट रखें ताकि हाथों में थमा तिरंगा नीचे जमीन की ओर न झुके। एक किलोमीटर से ज्यादा लम्बे तिरंगे के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं बीकानेर की जनता के साथ- साथ स्कूली बच्चों को जोश देखते ही बन रहा था। प्रारंभ स्थल से लेकर अंतिम छोर तक पूरे रास्ते छतों पर लोग एक किलोमीटर लम्बे तिरंगे को देखने के लिए खड़े नजर आए।

इस दौरान हर तिरंगा अभियान के तहत लोग हाथों में तिरंगा भी लिए हुए थे। जगह- जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर आईजी ओमप्रकाश, संत सरजूदास

- **जगह- जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया**

महाराज, शहर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात अध्यक्ष जालम सिंह, महावीर रांका आदि मौके पर मौजूद थे।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वेद व्यास ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में नागरिकों से हर घर तिरंगा आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा था कि यह स्वतंत्र एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है। प्रत्येक भारतीय का तिरंगे के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह हमें राष्ट्रीय प्रगति की ओर आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।

# नाला टूटने से दो कॉलोनियां पानी से घिरी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में जमकर हुई बारिश के बीच गंदे पानी का नाला टूटने से दो कॉलोनियां पानी से घिर गई है। यहां रहने वाले लोगों घरों में ही कैद होने को विवश हो रहे हैं। यह हालात बजरंग विहार प्रथम और बजरंग विहार सैकंड फेज में बने हुए हैं।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां नाला टूटने के बाद उसका बरसाती पानी कॉलोनी क्षेत्र में फैल गया। कुछ जगहों पर तो पानी का स्तर लगभग 5 से 6 फीट तक है। क्षेत्र के लोगों के अनुसार कॉलोनी से पानी निकलवाने के लिए उन्होंने प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक सिद्धिकुमारी से भी संपर्क साधा लेकिन अभी तक राहत पहुंचाने के उपाय शुरू नहीं किए गए है।

- **कुछ जगहों पर तो बारिश का पानी लगभग 5 से 6 फीट तक भरा है**

पानी निकालने के लिए इंतजाम नहीं होने से कई घरों के गिरने की आशंका उत्पन्न हो गई। लोगों का दैनिक जनजीवन बुरी तरह चरमरा गया है। जरूरी काम के लिए घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। साथ ही मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा भी बनने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि प्रशासन ने यदि समय रहत दो कॉलोनियों में व्याप्त समस्याओं का निस्तारण नहीं किया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## डॉ. आचार्य होंगे जागती जोत के संपादक

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर द्वारा प्रकाशित राजस्थानी भाषा की मुख पत्रिका जागती जोत के द्वारा राजस्थानी भाषा-साहित्य का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि अकादमी अध्यक्ष एवं संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी के निर्देशानुसार जागती जोत के आगामी अंक से संपादन कार्य साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. नमामी शंकर आचार्य करेंगे तथा उप संपादक साहित्यकार शंकर सिंह राजपुरोहित होंगे। डॉ. आचार्य ने बताया कि जागती जोत में साहित्यकारों द्वारा अपनी मौलिक, अप्रकाशित रचनाएं ई-मेल पर प्रकाशनार्थ भिजवाई जा सकती है।

# अवैध एवं फर्जी तरीके से चल रहा क्लीनिक सीज

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित ऑपरेशन ब्लैक थंडर के अंतर्गत जिला प्रभारी मंत्री तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशानुसार जिले में लगातार कार्रवाई का दौर जारी है। फड़ बाजार स्थित जय कच्छावा नाम से संचालित फर्जी क्लीनिक पर स्टिंग ऑपरेशन करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सीज करने की कार्रवाई की है।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार गठित दल में शामिल जिला टीबी अधिकारी डॉ चंद्रशेखर मोदी, आरसीएचओ डॉ मुकेश जनागल और ड्रग कंट्रोल ऑफिसर नवीन कुमार द्वारा उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया जिसमें क्लीनिक चला रहा

- **फड़ बाजार स्थित जय कच्छावा नाम से संचालित अवैध क्लीनिक सीज**

व्यक्ति दुकान छोड़कर भाग छूटा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर संबंधित मालिक व चिकित्सक को तलब किया तब जाकर क्लीनिक को सीज किया गया।

डॉ गुप्ता ने बताया कि लगातार प्राप्त शिकायतों व इनपुट के आधार पर टीम द्वारा बोगस ग्राहक कच्छावा क्लीनिक भेजा गया। उपस्थित कर्मचारी ने ड्रिप लगाने की आवश्यकता बताते हुए माचे पर लेट जाने को कहा। मौके पर दो मरीज पहले से लेटे थे। इशारा पाते ही टीम क्लीनिक पहुंच गई और व्यक्ति से पूछताछ करने लगी। इतने में वह कार्मिक भाग छूटा। इसके बाद 2 घंटे तक क्लीनिक से संबंधित कोई व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा। डॉ मोदी ने बताया कि यह फर्जी क्लीनिक फड़ बाजार के अत्यंत व्यस्त मार्ग पर स्थित है जहां धूल मिट्टी रहती है। यहीं पर खुले में माचे लगाकर ड्रिप लगाने का काम अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा था। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन से क्लीनिक का कोई लेना-देना नहीं था। सभी कचरे को सामान्य कचरें की तरह बेतरतीब फेंका जा रहा था।

# जयंती पर वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ की पराक्रम और युद्ध कौशल के बारे में बताया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में क्षत्रिय सभा ने वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौड़ की जयंती मनाई।

वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौड़ एक महान योद्धा थे। आज हम उनकी जयंती इसलिए इसलिए मना रहे हैं कि उनके शौर्य गाथा को आज के युवाओं को समक्ष रखकर उनके पदचिन्हों पर चलने आव्हान करें। यह विचार आज दुर्गादास राठौड़ की 386 वीं जयंती के अवसर पर क्षत्रिय सभा बीकानेर के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किये।

आज स्थानीय दुर्गादास सर्किल पर आयोजित जयंती समारोह के अवसर पर ओंकार सिंह भाटी, शिक्षाविद रेवंत सिंह जाखासर ने वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की पराक्रम और युद्ध कौशल के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। इस अवसर पर जयंती समारोह में एवं सरकार द्वारा



**बीकानेर में क्षत्रिय सभा ने वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौड़ को जयंती पर याद किया।**

चलाए जा रहे एक वृक्ष मां के नाम के अंतर्गत सभी क्षत्रिय बंधुओं ने स्थानीय श्री राजपूत शांति धाम शास्त्रीनगर में जाकर एक-एक पौधा लगाकर इस अभियान को सार्थकता प्रदान करते हुए 51 पौधे लगाकर इस अभियान को गति दी। इस अवसर कर्नल हेमसिंह शेखावत ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत ही महत्व है। यदि आज

- **वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती पर पौधारोपण किया**

वृक्ष नहीं लगाये जाते हैं तो आगामी भविष्य में जहरीले पर्यावरण का सामना हमें करना पड़ेगा। इसलिए अपने जीवन में वृक्ष लगाकर इस हरित क्रांति को आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष जगमाल सिंह पायली, गिरधारी सिंह भाटी, ईश्वर सिंह चनाना, जुगल सिंह बेलासर, रणवीर सिंह नोखड़ा, जितेंद्र सिंह राजवी, जालम सिंह भाटी, संपत सिंह राजावत, शिवराज सिंह नरूका, राजेन्द्र सिंह मोटासर, इंदर सिंह भाटी, गंगा सिंह, ओमसिंह व अन्य सभा के सदस्य उपस्थित थे।

## पुष्करणा दिवस पर कवि सम्मेलन 16 को

**बीकानेर,** (कासं)। द पुष्करणाज फाउण्डेशन के द्वारा आज कार्यालय में हुई बैठक में यह तय हुआ कि पुष्करणा दिवस के उपलक्ष में कवि सम्मेलन व वृक्षारोपण किया जायेगा।

पुष्करणा दिवस की पूर्व संध्या पर 16 अगस्त, को सांय 5:30 बजे लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन नालन्दा परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। साथ ही पुष्करणा दिवस 17 अगस्त को सुबह 8:15 बजे पुष्करणा समाज की बगेचीयों और स्टेडियम में वृक्षारोपण किया जायेगा। राजेश रंगा ने बताया कि पुष्करणा दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन में समाज की जाने माने हस्तियां कवि सम्मेलन का पाठ करेगी।

जिसमें संजय आचार्य, आनन्द पुरोहित मस्ताना, गोपाल पुरोहित, विप्लव व्यास, शंशाक शेखर जोशी, बाबूलाल छंगाणी एवं सरल विशारद वरिष्ठ कवि भी अपना कविता पाठ करेंगे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101099 **लोक सूचना** दिनांक : 13.08.2024

मुरलीधर होम डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर आदित्य गोयल पुत्र पवन कुमार निवासी 4 सी 19 जवाहरनगर श्री गंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | मुरलीधर होम डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर आदित्य गोयल पुत्र पवन कुमार निवासी 4 सी 19 जवाहरनगर श्री गंगानगर | चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 30 के किला नं. 4 में 0.2530 है. में से 0.1763 है. किला नं. 5 में 0.2530 है. किला नं. 6 में 0.2530 है. में से 0.2146 है. यथाकुल 0.6439 है. (आवासीय प्रयोजनार्थ) | कुल 0.6439 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13.08.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101098 **लोक सूचना** दिनांक : 13.08.2024

श्री गंगानगर होम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर मुकेश सिंगल पुत्र श्यामलाल सिंगल निवासी आर बी 15,16 रिद्धि सिद्धि एन्क्लेव श्री गंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री गंगानगर होम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर मुकेश सिंगल पुत्र श्यामलाल सिंगल निवासी आर बी 15,16 रिद्धि सिद्धि एन्क्लेव श्री गंगानगर | चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 30 के किला नं. 2/1 में 0.1260 हैक्टे. यथाकुल 0.1260 है. (आवासीय प्रयोजनार्थ) | कुल 0.1260 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13.08.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर